भारत सरकार/ Government of India

अंतरिक्ष विभाग/ Department of Space

**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/ VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**

तिरुवनंतपुरम/ Thiruvananthapuram-695022

स. वीएसएससी/एपीपी/01/2019
No. VSSC/APP/**01/2019**

**भर्ती एवं समीक्षा अनुभाग/**
**Recruitment and Review Section**
तिथि/Date: 13.12.2019

## स्नातक शिक्षुओं को काम पर लगाने हेतु केंद्रीकृत चयन अभियान
## (इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी/पुस्तकालय विज्ञान/होटल प्रबंधन मे स्नातक)
## CENTRALISED SELECTION DRIVE FOR ENGAGEMENT OF GRADUATE APPRENTICES (DEGREE IN ENGG/ TECH./ LIB. SCI./ HOTEL MANAGEMENT)

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), शिक्षु अधिनियम 1961 तथा वर्ष 1973 के संशोधन अधिनियम के अधीन प्रशिक्षण वर्ष 2020-21 के लिए नीचे पदनामित विधाओं में स्नातक शिक्षुओं को काम पर लगाने का प्रस्ताव करता है।

Vikram Sarabhai Space Centre (VSSC) proposes to engage Graduate Apprentices for the training year 2020-2021 in the following disciplines under the Apprentices Act 1961 and Amendment Act of 1973.

| क्रम सं./ Sl No | विधा / *Discipline* | प्रशिक्षण पदों की सं. No. of Training positions | अनिवार्य योग्यताएं Essential Qualifications |
|---|---|---|---|
| 1 | वैमानिकी/वांतरिक्ष इंजीनियरी Aeronautical/ Aerospace Engg. | 15 | संबंधित क्षेत्र में कम-से-कम 65% / 6.84 सीजीपीए अंक के साथ भारत के किसी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त प्रथम श्रेणी इंजीनियरी डिग्री (चार / तीन वर्ष की अवधि) **First Class Engg. Degree** [Four/three year duration (for lateral entry)] granted by an Indian University in the respective field with **not less than 65% marks/ 6.84 CGPA.** |
| 2 | रासायनिक इंजीनियरी/ Chemical Engg. | 10 | |
| 3 | सिविल इंजीनियरी/ Civil Engg. | 12 | |
| 4 | कंप्यूटर विज्ञान/इंजीनियरी Computer Sci/Engg. | 20 | |
| 5 | विद्युत इंजीनियरी/ Electrical Engg. | 12 | |
| 6 | इलेक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी/ Electronics Engg. | 40 | |
| 7 | यांत्रिक इंजीनियरी/ Mechanical Engg. | 40 | |
| 8 | धातुकर्म/ Metallurgy | 06 | |
| 9 | उत्पादन इंजीनियरी/ Production Engg. | 06 | |

.....2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | पुस्तकालय व सूचना विज्ञान/ Library & Information Science | 08 | स्नातक डिग्री + कम-से-कम 60% अंक के साथ प्रथम श्रेणी में पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक **Bachelor's Degree + First Class BLISc with not less than 60% marks.** |
| 11 | कतेरिंग तेक्नोलोगि/ होटेल मैनेजमेंट Catering Technology/ Hotel Management | 04 | कम-से-कम 60% अंक के साथ प्रथम श्रेणी में कतेरिंग तेक्नोलोगि/होटेल मैनेजमेंट डिग्री (4 साल) **(एऐसीटीई द्वारा अनुमोदित)** First Class Degree (4 year) in Catering Technology/Hotel Management **(AICTE approved)** with not less than 60% marks. |

**अप्रैल 2017 से पहले स्नातक पास करनेवाले, डिग्री अंतिम वर्ष की पढ़ाई करनेवाले तथा परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थी आवेदन देने हेतु पात्र नहीं हैं।**

**Candidates who have passed Degree before April 2017, candidates pursuing final year Degree and result awaiting candidates, are not eligible to apply.**

प्रशिक्षण की अवधि कार्यग्रहण की तिथि से **एक वर्ष** तथा वृत्तिका प्रतिमाह **₹ 9000/-** होगी। इच्छुक अभ्यर्थी केंद्रीकृत चयन प्रक्रिया के दौरान निम्नलिखितानुसार वीएसएससी पविलियन का संदर्शन करें।

The duration of training will be **one year** from the date of joining and the stipend will be **₹ 9000/-** per month. Interested candidates may visit the VSSC pavilion during the Centralised Selection drive scheduled to be held as follows:

| तिथि, दिवस तथा समय **Date, Day & Time** | स्थान **Venue** |
|---|---|
| 22.12.2019<br>रविवार/ SUNDAY<br>08.30 AM to 04.00 PM | कर्दिनाल क्लीमिस ब्लॉक/ Cardinal Cleemis Block<br>सेंट मेरीस हायर सेकेंडरी स्कूल<br>St. Mary's Higher Secondary School,<br>पट्टम, तिरुवनंतपुरम/ Pattom, Thiruvananthapuram |

**<u>सामान्य शर्तें/अनुदेश/General Conditions/ Instructions:</u>**

1. वर्ष 2017 में डिग्री पास करनेवाले शिक्षुता के अधीन रहने के लिए तभी पात्र हैं यदि वे डिग्री प्राप्त करने के 3 वर्ष के अंदर (यानी डिग्री प्रमाणपत्र में निर्धारितानुसार पास होनेवाले महीने तथा वर्ष से लेकर 3 वर्ष) कार्यग्रहण करते हैं और यदि प्रस्ताव के समय इस समय-सीमा को पार किया जाता है तो, नामिकागत/प्रतीक्षा-सूचीगत होने पर भी, उन्हें प्रशिक्षण का प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा।

   Those who have passed Graduation in 2017 are eligible to undergo apprenticeship training only if they join within 3 years of acquiring the Degree (i.e. 3 years from the month and year of passing as specified in the Degree certificate) and if this time limit is crossed at the time of offer, they will not be offered the training position, even if they are empanelled/ waitlisted.

2. **दक्षिणी क्षेत्र (केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा पुतुच्चेरी) के विश्वविद्यालयों से मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी**, क्योंकि ये राज्य/ संघ शासित प्रदेश बीओएटी के दक्षिणी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। संबंधित विधा में अभ्यर्थियों की कमी होने की स्थिति में ही अन्य विश्वविद्यालयों के अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

   **Courses recognized by Universities from Southern region (Kerala, Tamil Nadu, Karnataka, Andhra Pradesh, Telangana and Pondicherry) will be given priority** since these States/ UTs come under Southern Region of BOAT. Candidates from other Universities will be considered only in case there is shortage of candidates in the respective disciplines.

3. चयनित अभ्यर्थियों को शिक्षु अधिनियम, 1961 तथा वर्ष 1973 के संशोधन अधिनियम के अधीन पंजीकृत किया जाएगा, जिसके लिए प्रशिक्षण में प्रवेश करने के तुरंत बाद उन्हें एक संविदा निष्पादित करना होगा।

   Selected candidates will be registered under the Apprentices Act, 1961 and Amendment Act of 1973; for which they should execute a contract immediately after induction for training.

4. किसी संगठन/स्थापना के **पूर्व-शिक्षु** या **वर्तमान में प्रशिक्षण पा रहे शिक्षु** आवेदन देने के पात्र नहीं हैं। अन्य संस्थाओं के साथ शिक्षुता को जोड़ने की अनुमति नहीं है।

   **Ex-Apprentices** or **Apprentices currently undergoing training** in any organization/ firm **are not eligible** to apply. Combining of apprenticeship with other institutions is not permitted.

5. सैंडविच पाठ्यक्रम,निजी अध्ययन से प्राप्त उपाधि, अल्पकालिक/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आदि स्वीकार्य नहीं हैं।

   Sandwich courses, private Degree, short term/ certificate courses etc. are not acceptable.

6. सरकारी/सार्वजनिक/गैर-सरकारी क्षेत्रों में एक वर्ष या अधिक कार्यानुभव रखनेवाले अभ्यर्थी **पात्र नहीं हैं**।

   Those candidates with one year or more job experience in the relevant field either in Govt./ Public/ Private sectors **are not eligible**.

7. **ऊपरी आयु-सीमा दिनांक 22.12.2019 को 30 वर्ष** (अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष, अनु.जा./ अनु.ज.जा. के लिए 35 वर्ष) है। अशक्त व्यक्तियों के लिए संबंधित श्रेणियों में अतिरिक्त 10 वर्ष की छूट है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/ अशक्त व्यक्ति अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू है।

   **Upper age limit is 30 years as on 22.12.2019** (33 years for OBC, 35 years for SC/ ST). Additional 10 years relaxation for PWBD candidates in their respective categories. Reservation to SC/ ST/ OBC/ EWS/ PWBD candidates is applicable as per Govt. of India rules.

8. प्रशिक्षण की अवधि पूरा करने के बाद विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र या भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी अन्य केंद्र/यूनिट में जो भी हो **रोज़गार हेतु** इन प्रशिक्षणार्थियों का **कोई दावा नहीं** रहेगा। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान शिक्षुओं के लिए केंद्र द्वारा **आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।**

The trainees will have **no claim,** whatsoever, **for employment** in Vikram Sarabhai Space Centre or any other Centres / Units of Indian Space Research Organisation/ Department of Space after completion of the training period. **No accommodation will be provided** by the Centre for Apprentices during the training period.

9. सुरक्षा कारणों से, आवेदकों को वैध फोटो आइडी प्रमाण, यानी आधार कार्ड, मतदाता पहचानपत्र आदि, लेकर आना है, जिसके बिना उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

   The applicants have to carry a valid photo ID proof, viz. Aadhaar Card, Electoral ID etc. for security reasons, without which they will not be allowed to attend the selection process.

10. केवल भारतीय नागरिक आवेदन दें।
    Only Indian nationals need to apply.

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक अभ्यर्थी, स्नातक की उपाधि के प्रमाणपत्र तथा अंकसूची, जन्मतिथि का प्रमाण (एसएसएलसी/एसएससी/एआइएसएसई/आइसीएसई), (यदि एससी/एसटी का हो तो) जाति/समुदाय प्रमाणपत्र, (यदि ओबीसी का हो तो) गैर नवोन्नत वर्ग प्रमाणपत्र, (यदि ईडब्ल्यूएस का हो तो) आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र, (यदि अभ्यर्थी अशक्त हो तो) अशक्तता प्रमाणपत्र, (यदि कोई अनुभव हो तो) अनुभव का प्रमाणपत्र **के मूल एवं स्वयं अनुप्रमाणित प्रतियों** तथा एक पासपोर्ट फोटोग्राफ के साथ दिनांक 22.12.2019 को उपर्युक्त स्थान पर वीएसएससी पैविलियन का संदर्शन करें। अभ्यर्थियों को विधिवत् भरे हुए आवेदन (जो उस स्थान पर दिया जाएगा), सभी प्रमाणपत्रों/शंसापत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रतियों के साथ, वहीं प्रस्तुत करने हैं।

**How to Apply**: Interested candidates may visit the VSSC pavilion at the aforesaid venue on 22.12.2019 along with **ORIGINALS and self-attested copies of** Degree Certificate and Consolidated Marklist, proof of date of birth (SSLC/SSC/AISSE/ICSE), caste/community certificate (if belongs to SC/ST), Non-Creamy layer certificate (if belongs to OBC), Income & Asset Certificate (if belongs to EWS), Disability certificate (if PWBD candidate), Experience Certificate (if any) and one passport size photograph. The candidates have to submit duly filled-in applications (which will be provided at the venue) on the spot, along with self-attested copies of all certificates/ testimonials.

**चयन प्रक्रिया:** समेकित आवेदनों के चानबीन के बाद आरक्षित श्रेणियों को वांछित महत्व देते हुए डिग्री स्तर पर अभ्यर्थियों के अकादमिक अंकों के आधार पर सिलेक्श्न सूची तैयार की जाएगी। प्रशिक्षण स्थितियों के लिए शिक्षुओं का प्रवेश रिक्तियों की उपलब्धता के अधीन पूर्णतः पैनल में उनकी स्थिति के आधार पर किया जाएगा।

**Selection process:** The consolidated applications will be screened subsequently and selection panels will be drawn based on the academic scores of the candidates at Degree level giving due weightage to reservation categories. The induction of apprentices against the vacant training positions will be made strictly based on their position in the panel.

13/12/19
वरि.प्रशासन अधिकारी/Sr. Administrative Officer

**वीएसएससी वेबसाइट/VSSC Website**

**एलपीएससी वेबसाइट/LPSC Website**